हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

UPHIN50812

(लखनऊ से प्रकाशित)



वर्षः- 01, अंकः-306, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, बुधवार 24 अप्रैल 2024

कस्बा मिश्रित में रोडवेज बस स्टैंड की सुविधा न होने से यात्रियों...02

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश अनुसार पूरे जिले में एक...06

# देश में आतंकवाद का हुआ सफाया, विकास कार्य चरम पर : योगी



**अमरोहा, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने न केवल आतंकवाद का सफ़ाया कर दिया बल्कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 37० हटा कर आतंकवाद को घुटने टेकने के लिए मज़बूर कर दिया। अमरोहा में हसनपुर क्षेत्र के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज रहरा में मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि 2०14 से पहले देश में आतंकवाद चरम पर था।आए दिन कहीं न कहीं बम धमाके होने की घटनाएं होती रहती थीं।बम विस्फोट से लोग भयभीत रहते थे मगर आज कश्मीर घाटी में न सिर्फ शांति है बल्कि विकास कार्य भी तेजी से किये जा रहे हैं। मोदी सरकार ने देश की तक़दीर बदल दी, देश के अंदर सुरक्षा का माहौल बदल दिया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार के कार्यकाल में अपराधियों का बोलबाला रहने की वज़ह से लोगों का जीवन मुहाल था, लेकिन भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का माहौल तैयार किया। समाजवादी पार्टी की तत्कालीन राज्य सरकार ने अयोध्या और काशी मंदिरों को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने का काम किया गया था। सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सरकारों में पैसों की बंदरबांट होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में गुंडे मवालियों तथा आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती। यहां उत्तर प्रदेश से गुज़रने वाली कांवड़ यात्रा पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है।इंडी गठबंधन के रूप में सामने आए कांग्रेस के समय देश के अंदर आंतकी घटनाएं आए दिन होती थीं तो वहीं समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सूबे की सरकार में अपराधियों का बोलबाला रहता था। श्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय गरीबी में बढ़ोतरी हुई।कांग्रेस ने 197० में ग़रीबी हटाओ का नारा दिया था। ग़रीबी तो नहीं हट सकी लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की छूट अवश्य मिल गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार फिर से ये अपने घोषणापत्र के साथ आपके सामने आए हैं।कांग्रेस घोषणा पत्र में कहती है कि हमारी सरकार बनने पर हम शरिया कानून लागू करेंगे। बाबा साहेब डॉ आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से देश चलेगा न कि किसी शरिया कानून से।

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे में दलित, पिछड़े,अति पिछड़े, ग़रीब तथा किसान कहां जाएंगे। श्री योगी ने कहा कि जो सपना उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह ने देखा था उसे पूरा किया जा रहा है।उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हुआ। आज़ विकास के साथ देश और प्रदेश हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि जो व्यक्ति संसद में भारत माता की जय कहने में गुरेज करता हो ऐसे लोगों को दोबारा सांसद नहीं चुना जाना चाहिए। अमरोहा के मौजूदा सांसद (दानिश अली) पहले हाथी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ते हैं तो अब की बार दूसरा दल पकड़ लिया। इस तरह स्थानीय लोगों के साथ विश्वासघात करने वाले को जनता सबक सिखाएगी। श्री योगी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र में फिर से भारी बहुमत से सरकार बनवा कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## हनुमान जयंती पर योगी ने की हनुमत महाप्रभु की आराधना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुखदायक और शोक नाशक श्री हनुमान महाप्रभु की विधि विधान से आराधना की। उन्होंने सभी नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देने के साथ ही उनके आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की। लोकसभा चुनाव में पार्टी (बीजेपी) के लिए प्रचार में योगी की प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी यह ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं।

युद्धस्तरीय चुनावी व्यस्तता के बीच सोमवार को अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को गोरखपुर पहुंचे।

## दादी से लेकर पोता छह दशकों तक हटाते रहे गरीबी नहीं हटा पाए तो देश ने उन्हें ही हटा दिया: योगी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस मोदी जी के कारण आया है। इसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है। कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन मोदी जी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी। मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 197० के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से उबरकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला और अगले पांच साल में तीन करोड़ और लोगों को मकान देने का लक्ष्य भाजपा के संकल्प पत्र में दर्शित है।

### कांग्रेस ने देश को गुमराह किया, राजनाथ सिंह बोले

## हिंदू-मुस्लिम में बांटकर इन्होंने सरकार बनाई



**नोएडा, संवाददाता।** गौतमबुद्ध नगर संसदीय सीट के बिसाहड़ा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश को गुमराह कर दिया है। मैने जनता को धोखे में रखकर कभी राजनीति नहीं की। मुझे याद है जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता था तो कोई देश नहीं सुनता था। आज अन्य देश के प्रतिनिधि इसे गंभीरता से सुनते है। हिंदू-मुस्लिम को बांटकर इन्होंने सरकार बनाई। हम जाति पंथ, मजहब, धर्म पर देश को नहीं बनाना चाहते, हम सबको साथ रखकर विश्व को महान देश बनाना चाहते है। मैं विपक्ष से कहता हूं जनता की आंखों में धूल झोंककर नहीं आंखें मिलाकर राजनीति करो। आपके सांसद जीत जाए तो लोकतंत्र मजबूत हो गया और हमारा सांसद जीत जाए तो हमारा लोकतंत्र खतरे में पड़ गया। कहा ले जाना चाहते है ये लोग इस देश को। राजनीति करनी है तो जनता से नजरें मिलाकर करो। 2०14 में हमारे पीएम बने और सात सालों में विश्व में देश 11वे स्थान से 5वें स्थान पर आ गया। दुनिया की बड़ी बड़ी वित्तीय संस्थान आज बोल रही है कि भारत में सबसे ज्यादा वित्तीय संसाधन है। यही वजह है कुछ समय में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था होंगे। उन्होंने कहा कि दो साल से रूस यूक्रेन के बीच लड़ाई चल रही है। हमारे लगभग 3० हजार बच्चे पढ़ते है। उनके माता पिता को चिंता हुई तो उनका एक डेलिगेशन पीएम से मिला। क्षण भर की देर नहीं लगाई और हमारे पीएम ने दोनों देश के राष्ट्रपति से बात की। पीएम के बात करने के बाद साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रुक गया। और सभी भारत वासी वापस आ गए।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले,

## दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का आरक्षण कभी नहीं होगा खत्म



**टोंक, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर उसकी सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को खुले मंच से गारंटी दी है कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण न कभी खत्म होगा और नही ही धर्म के नाम पर इसे बांटने दिया जायेगा। श्री मोदी टोंक जिले के उनियारा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने की रही है और वर्ष 2००4 में केन्द्र में जब उसकी सरकार बनी तब उसका सबसे पहले काम आंध्रप्रदेश में अनुसूचित एवं अनूसूचित जनजाति के आरक्षण में कमी करने का प्रयास था। यह उनका एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे पूरे देश में आजमाना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2००4 से 2०1० के बीच आंधप्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की गई लेकिन उच्चत्तम न्यायालय की जागरुकता के कारण इनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाये। वर्ष 2०11 में इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों से आरक्षण छीनकर वोट बैंक की राजनीत के लिए इसे ओरों को देने का प्रयास किए गये जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि जब कनार्टक में भाजपा की सरकार आई और हमे काम करने का मौका मिला तो पहला काम किया गया कि एस-एसटी से छीनकर कर जो आरक्षण कोटा निकाला गया था उसे खत्म कर दिया गया और जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा गया। इससे देश में कांग्रेस के लोग आग बबूला हो गए और कहा गया कि मोदी समझता क्या अपने आप को। श्री मोदी ने कहा कि मोदी संविधान को समझता हैं, वह उसकी पूजा करने वाला व्यक्ति है। श्री मोदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस और उसका गठबंधन जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों एवं पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक की राजनीति के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे जबकि संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण जो बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया था उसे कांग्रेस और उसके गठबंधन ने उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि क्या वह ऐलान करेगी कि संविधान में जो दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों को आरक्षण दिया गया है उसे कम करके मुसलमानों को नहीं देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिरकार जेल प्रशासन ने केजरीवाल को इन्सुलिन दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि आखिरकार जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बढ़ती हुई सुगर के लिए इन्सुलिन दी। आप नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने श्री केजरीवाल को तिहाड़ जेल इन्सुलिन देने के बाद एक्स पर कहा हनुमान जन्मोत्सव पर खुशखबरी। खबर आ रही है अंततः जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री को बढ़ती हुई सुगर के लिए इन्सुलिन दी।

### मलेशियाई सेना के दो हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 10 की मौत

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया के पेराक प्रांत में मंगलवार सुबह सेना के दो हेलिकॉप्टरों की रिहर्सल के दौरान टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गयी। रॉयल मलेशियाई नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलिकॉप्टर स्थानीय समयानुसार 09.32 बजे लुमुट रॉयल मलेशियाई नौसेना बेस पर फ्लाईपास्ट रिहर्सल के दौरान टकरा गये। एक हेलिकॉप्टर में सात और दूसरे में तीन लोग सवार थे।


### दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को फौरी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है।

### नगालैंड के 6 जिलों में नए राज्य की मांग

**कोहिमा, एजेंसी।** चार लाख से ज्यादा वोटर और 738 मतदान केंद्र। फिर भी जीरो वोटिंग। 19 अप्रैल को यह तस्वीर थी पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड के छह पूर्वी जिलों की। जहां ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) की धमकी के बाद एक भी वोटर घर के बाहर नहीं निकला। दिलचस्प बात यह है कि इन 6 जिलों के 20 विधायकों ने भी वोट नहीं डाला। दरअसल, संगठन नगालैंड से अलग होकर फ्रंटियर नगालैंड बनाने की मांग कर रहा है। इसे लेकर मोन, ट्वेनसांग, किफिरे, लोंगलेंग, नोकलाक और शामाटोर जिलों में बीते दो महीने से लगभग सब कुछ बंद है। बाजार बमुश्किल खुल रहे हैं और स्कूल जब संगठन कह दे, तब बंद कर दिए जा रहे हैं। यहां के हालात पर जब भास्कर ने नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो से बात की तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि स्थानीय लोगों ने वही किया, जो उन्हें अच्छा लगा। सरकार इस मुद्दे पर ईएनपीओ के साथ कोई टकराव नहीं चाहती।

## अप्रैल-फरवरी के बीच कृषि निर्यात 9 प्रतिशत घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाल सागर संकट और अन्य वैश्विक कारणों से वित्त वर्ष 2०23-24 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान देश का कृषि निर्यात 8.8 प्रतिशत घटकर 43.7 अरब डॉलर रह गया। इसका कारण रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर घरेलू प्रतिबंध लगाया जाना भी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी 2०22-23 में कृषि उत्पादों का निर्यात 47.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अप्रैल से फरवरी के बीच भारत के कृषि सकल घरेलू उत्पाद में भी महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई, 2०23-24 में इसमें केवल ०.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2०22-23 में 4.7 प्रतिशत से कम है। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि एपीडा बास्केट में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की 11 महीने की अवधि के दौरान 6.85 प्रतिशत घटकर 22.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि अप्रैल-फरवरी 2०22-23 में यह 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। एक अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी जिंसों के निर्यात पर प्रतिबंध से पिछले वित्त वर्ष में 5-6 अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। हालांकि, 24 प्रमुख वस्तुओं (एपीडा बास्केट में) में से 17 के निर्यात में इस अवधि के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और इनमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

## केजरीवाल की बढ़ी न्यायिक हिरासत, सात मई को अगली सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सात मई तक के लिए बढ़ गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला से संबंधित ईडी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। बीती 15 अप्रैल को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। उन्हें 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वस्तुतः पेश किया गया। अदालत ने कहा कि वह हिरासत को 23 अप्रैल तक बढ़ा रही है जब सह-अभियुक्त (बीआरएस नेता के कविता) की न्यायिक हिरासत भी समाप्त हो रही है। 22 मार्च को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया, जिसे चार दिन के लिए बढ़ा दिया गया। उन्हें 1 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। 1० अप्रैल को दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि ईडी पर्याप्त सामग्री, अनुमोदकों और आप के अपने उम्मीदवार के बयान पेश करने में सक्षम था, जिसमें कहा गया था कि केजरीवाल को गोवा चुनाव के लिए पैसे दिए गए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ के उक्त आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा उन्हें जारी किए गए नौ समन को नजरअंदाज कर दिया था। इस मामले में आप नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह भी आरोपी हैं। जबकि सिसौदिया अभी भी जेल में हैं, सिंह को हाल ही में ईडी द्वारा दी गई रियायत के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी। इससे पहले, ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ शहर के राउज एवेन्यू कोर्ट में दो आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें उन पर समन का पालन न करने का आरोप लगाया गया था।

## भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से मसाला विवाद पर जानकारी मांगी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों से जुड़े विवाद पर संबंधित ब्योरा मांगा है। सरकार ने दोनों देशों में मौजूद दूतावासों को इस मामले में रिपोर्ट भेजने को कहा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिय मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों- एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिय मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जाएगा और संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर उसका समाधान किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से इस संबंध में तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। इसके अलावा सिंगापुर के खाद्य सुरक्षा निकाय और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है।

## पतंजलि ने कहा, 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पतंजलि विज्ञापन केस में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में पतंजलि की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा- हमने माफीनामा फाइल कर दिया है। इसे 67 अखबारों में पब्लिश किया गया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस ऐड का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। ये हमारा निर्देश है। जस्टिस कोहली ने कहा कि जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो, पढ़ा भी जाना चाहिए। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को निर्देश दिया कि अगले दो दिन में वे ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई अब 3० अप्रैल को होगी। पतंजलि आयुर्वेद ने सोमवार

**कोर्ट ने पूछा- साइज विज्ञापन जैसा है क्या, कटिंग भेजिए, माइक्रोस्कोप से तो नहीं पढ़ना पड़ेगा**

(22 अप्रैल) को कुछ न्यूज पेपर्स में माफीनामा प्रकाशित किया है। इसमें कहा कि पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट का पूरा सम्मान करता है। सुप्रीम कोर्ट में हमारे वकीलों ने हलफनामा पेश किया।

### लोकसभा चुनाव

## बाड़मेर और जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति



**बाड़मेर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव में सीमांत बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में इस बार विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उतर जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के साथ त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को इस क्षेत्र में होने वाले चुनाव में इन तीनों प्रत्याशियों के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी लीलाराम एवं आजाद समाज पार्टी (कांसीराम) के उम्मीदवार प्रभूराम एवं अन्य छह निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुकाबला श्री चौधरी, श्री भाटी एवं श्री बेनीवाल के बीच ही माना जा रहा है। इस क्षेत्र में जैसलमेर, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदरा, सिवाना, गुडामालानी एवं चौहटन (सु) आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जहां पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक है जबकि दो में निर्दलीय और एक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक है। इनमें भी बाड़मेर से निर्दलीय विधायक डा प्रियंका चौधरी भाजपा के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में राजनीतिक रुप से भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बाड़मेर में जनसभा कर चुके हैं। इसके अलावा फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत भी बुधवार को बाड़मेर एवं जैसलमेर में रोड़ शो करेगी। इसी तरह श्री बेनीवाल के समर्थन में कांग्रेस नेता प्रचार कर रहे हैं। गत विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर शिव से निर्दलीय चुनाव लड़कर विधायक बने श्री भाटी ने लोकसभा चुनाव में भी निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में ताल ठोक देने से यहां त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई हैं। बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में आजादी के बाद से अब तक हुए सत्रह चुनावों में सर्वाधिक नौ बार कांग्रेस ने बाजी मारकर अपना राजनीतिक दबदबा कायम किया वहीं भाजपा के उम्मीदवार यहां से तीन बार चुनाव जीत पाये हैं जबकि दो निर्दलीय एवं एक-एक बार जनता पार्टी, जनता दल एवं राम राज्य परिषद पार्टी का उम्मीदवार चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हैं।

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता दवा क्षेत्र

**भारत सरकार को सजग रहते हुए एपीआई के क्षेत्र में चीन द्वारा की जा रही डंपिंग को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। अन्य रसायनों के क्षेत्र में भी यह बात लागू होती है**

लंबे समय से चीन पर निर्भर भारत के फार्मा क्षेत्र को अब कुछ राहत मिलने लगी है। कारण है आत्मनिर्भर भारत अभियान। गौरतलब है कि वर्ष 2000 तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह से आत्मनिर्भर था। दवा निर्माण में जो आवश्यक सामग्री इस्तेमाल होती है, उसे एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स, यानी एपीआई के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2000 तक दवा निर्माण के क्षेत्र में जिन एपीआई की आवश्यकता होती थी, वे अधिकांशत- भारत में ही निर्मित होते थे। देश में इनके निर्माताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी, जिसके कारण दवा निर्माताओं को देश में एपीआई आसानी से और उचित कीमत पर उपलब्ध होते थे। इसके कारण देश का दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनियाभर के लोगों को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था। चीन ने एक षड्यंत्र के तहत भारत के एपीआई क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया। चीन से आने वाले एपीआई को अत्यंत ही कम कीमतों पर भारत में भेजा जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि भारत का एपीआई उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं रहा और हमारी एपीआई इकाइयां धीरे-धीरे करके बंद होने लगी। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट की जा सकती है। एमोक्सीसाइक्लिन नाम की एंटीबायोटिक दवा, एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट पेनीसिलिन-जी से व्युत्पन्न उत्पाद है। पेनीसिलिन-जी नाम की एपीआई भारत में पर्याप्त मात्रा में बनती थी और उसका अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 22 डॉलर प्रति किलोग्राम था। लेकिन चीन ने इस एपीआई की डंपिंग 9 डॉलर प्रति किलो से भी कम पर करनी शुरू कर दी।

इसके कारण भारत की इस एपीआई को बनाने वाली इकाइयां बंद हो गईं। उसके बाद चीन ने इसी एपीआई को पहले दोगुणा और फिर चार गुणा कीमत पर बेचना शुरू कर दिया। किसी विकल्प के अभाव में भारत की दवा कंपनियों को यह एपीआई, चीन द्वारा निर्धारित कीमत पर खरीदना जरूरी हो गया। लगभग यही स्थिति अन्य एपीआई की भी रही और कई एपीआई पूर्व से 10 से 20 गुणा कीमत पर भी बेचे जाने लगे। उदाहरण के लिए फॉलिक एसिड, जो विटामिन की दवा बनाने के काम आता है, की कीमत 13 गुणा से भी ज्यादा बढ़ा दी गई थी। ऐसी स्थिति दवाओं के लगभग सभी एपीआई के संदर्भ में थी। कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि कोरोना काल में देखी गई और यह समझ में आना शुरू हुआ कि देश में एपीआई उद्योग की पुर्नस्थापना, केवल दवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए या दवाओं की कीमतों को कम करने के लिए ही नहीं, बल्कि देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। यह सर्वविदित ही है कि चीन भारत के साथ शत्रुतापूर्ण संबंध रखता है, इसलिए दवा के लिए आवश्यक सामग्री हेतु चीन पर निर्भर नहीं किया जा सकता।

एपीआई में आत्मनिर्भरता - मई 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी वस्तुओं, जिनका उत्पादन चीन और अन्य देशों द्वारा डंपिंग के कारण बाधित हो गया था, के उद्योगों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से और



देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और विदेशों पर निर्भरता को समाप्त करने के उद्देश्य से, आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। प्रारंभिक तौर पर इसके लिए जिन वस्तुओं की 13 श्रेणियों को चिन्हित किया गया, उनमें एपीआई भी शामिल थे। आत्मनिर्भरता हेतु अपनाए गए उपायों में से एक महत्वपूर्ण उपाय को उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के रूप में जाना जाता है। गौरतलब है कि एपीआई क्षेत्र के लिए इस पीएलआई स्कीम में 41 उत्पाद शामिल किए गए, जिनमें मधुमेह, तपेदिक, स्टेरॉयड और एंटीबायोटिक्स के लिए दवाओं पर विशेष आग्रह रखा गया, और उसके लिए 20000 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित की गई। यह योजना 21 जुलाई 2020 को अधिसूचित की गई। हर्ष का विषय यह है कि यह योजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने लगी है और देश दवा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। उदाहरण के लिए पेनिसिलिन-जी, जिसका भारत में उत्पादन बंद हो गया था, जिसके कारण भारतीय उद्योगों से इस एपीआई की ऊंची कीमत वसूली जा रही थी, अब उसके उत्पादन हेतु ऑरविन्दो फार्मा लिमिटेड, टोरेंट फार्मास्यूटिकल आदि कंपनियों ने इसकी उत्पादन इकाइयां शुरू कर दी हैं और माना जा रहा है कि ऑरविन्दो फार्मा इस पेनिसिलिन-जी एपीआई का उत्पादन अप्रैल, 2024 में और टोरेंट जून-जुलाई 2024 में शुरू कर देगा। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का यह कहना है कि पीएलआई योजना और अन्य प्रयासों के कारण आज भारत अधिकांश एपीआई में आत्मनिर्भरता हासिल कर चुका है, जिसके कारण चीन पर निर्भरता कम हुई है। सितंबर 2023 तक पीएलआई स्कीम के तहत फार्मा कंपनियों को 4000 करोड़ रुपए और मेडिकल उपकरणों के लिए 2000 करोड़ रुपए के निवेश की अनुमति दी जा चुकी थी। इसके अलावा केन्द्र ने 3000 करोड़ रुपए की लागत से तीन बल्क (थोक) ड्रग पार्कों का निर्माण किया है। घटने लगी हैं कीमतें - जैसे-जैसे एपीआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के सुपरिणाम आने लगे हैं, वैसे-वैसे एपीआई की कीमतें भी घटने लगी हैं। फार्मा उद्योग के जानकार बता रहे हैं कि एपीआई की कीमतों में कोविड के समय से अभी तक 50 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें से सबसे तेज गति से कमी पिछले दो महीनों में ही आई है। समझा जा सकता है कि कोविड काल में जब एपीआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रयास शुरू हुए थे, अब वे फलीभूत होना शुरू हुए हैं। इकॉनोमिक टाइम्स की एक खबर के अनुसार बुखार की दवा पैरासिटामोल के एपीआई की कीमत जो कोविड काल में 900 रुपए प्रति किलो पहुंच गई थी, वह घटकर अब मात्र 250 रुपए प्रति किलो रह गई है। उसी प्रकार अस्थमा की दवा मॉनटैलूकास्ट सोडियम 45000 रुपए प्रति किलो से घटकर मात्र 28000 रुपए प्रति किलो रह गई है। एंटीबायोटिक मेरोपिनेम की एपीआई की कीमत 75000 रुपए प्रति किलो से घटकर 45000 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। जानकारों का मानना है कि भारत में एपीआई उत्पादन में उठाव के चलते चीन का दवा (एपीआई और मध्यवर्ती उत्पाद समेत) कार्टेल पिछले छह महीने में टूट चुका है। शायद चीन को इस बात का आभास नहीं था कि भारत इतनी बड़ी तादाद में अपने दवा उद्योग को पुनर्जीवित करेगा। इसलिए उसने दुनिया भर के दवा उद्योग पर कब्जा जमाने की दृष्टि से अतिरिक्त क्षमता का निर्माण कर लिया था। अब ऊंची क्षमता के कारण चीन में एपीआई की आपूर्ति बहुत अधिक बढने़ के कारण कीमतों में कमी स्वाभाविक परिणाम है। गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में भारत द्वारा एपीआई के आयात में भारी वृद्धि हुई थी। वर्ष 2022-23 में भी इसमें कुछ वृद्धि देखी गई, लेकिन यह भी सच्चाई है कि जितनी थोक दवाओं का आयात वर्ष 2022-23 में हुआ, उससे लगभग 12300 करोड़ रुपए ज्यादा का निर्यात भारत से किया गया था। अब चूंकि देश में भारी मात्रा में एपीआई का निर्माण होना शुरू हुआ है, एपीआई की घटती कीमतें उसका द्योतक हैं। लेकिन सरकार को इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि जो उद्योग पीएलआई और सतर्क सरकारी नीतियों के कारण पुनर्जीवित हुए हैं, वे चीन द्वारा पुन- डंपिंग का शिकार न बन जाएं। पीएलआई स्कीम के तहत जिन उद्यमियों ने निवेश किया था, उनकी सबसे बड़ी शंका इसी बात को लेकर थी। भारत सरकार को सजग रहते हुए एपीआई के क्षेत्र में चीन द्वारा की जा रही डंपिंग को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। यह बात सिर्फ एपीआई के मामले में ही नहीं, बल्कि अन्य रसायनों के क्षेत्र में भी लागू होती है। देश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ खुफिया एजेंसी बनाने की आवश्यकता है ताकि अन्य देशों और उनके व्यवसायों द्वारा अनैतिक व्यापार व्यवहार की ऐसी किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।

# संपादकीय

## कांग्रेस बनाम वाम मोर्चा

इतिहास में झांकें, तो कांग्रेस और खासकर सीपीएम दोनों दुश्मन भी रहे हैं और अवसरवादी मित्र भी रहे हैं। प्रसंगवश 2004 का उल्लेख करता हूं। कांग्रेस 145 सीटें जीत कर लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा 138 सीटें ही जीत पाई थी। अर्थात जनादेश त्रिशंकु था, लिहाजा खिचड़ी सरकार ही बननी थी। उस लोकसभा में वामदलों के कुल 61 सांसद जीत कर आए थे। यह उस दौर में वाम की सबसे शानदार और बड़ी चुनावी जीत थी। तत्कालीन सीपीएम महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने मध्यस्थता की और कांग्रेस के नेतृत्व में, भाजपा-विरोधी दलों को जोड़ कर, यूपीए का गठन किया। सोनिया गांधी को उसका अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए और सीपीएम सांसद सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर का पद देकर वाममोर्चे को नवाजा गया। परोक्ष रूप से तब केंद्र में वाममोर्चे की ही सरकार थी, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण निर्णय वाममोर्चे की सहमति से ही लिए जाते थे। कांग्रेस-वाम मित्रता की यह मिसाल कुछ और राज्यों में भी देखी गई, जहां दोनों ही दल विपक्षी गठबंधन के घटक थे। बंगाल, केरल, त्रिपुरा में वाम और कांग्रेस के बीच राजनीतिक शत्रुता बनी रही। केरल में तो दो ही मोर्चे सक्रिय रहे-वामदलों के नेतृत्व वाला फ्रंट तथा कांग्रेस नेतृत्व वाला यूनाइटेड फ्रंट। दोनों ही दल और मोर्चे मौजूदा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के भी औपचारिक घटक हैं। यूपीए के आखिरी दौर में 'परमाणु करार' के मुद्दे पर मनमोहन सरकार से वाममोर्चे ने समर्थन वापस ले लिया, लेकिन तब मुलायम सिंह यादव की सपा और अन्य सांसदों के समर्थन से सरकार बची थी, लेकिन 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद जो भी विपक्षी गठबंधन बना, उसमें कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही रहे। चूंकि अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, लिहाजा बंगाल, केरल और त्रिपुरा में दोनों ही पक्ष 'कट्टर प्रतिद्वंद्वी' की भूमिका में हैं। केरल तो कांग्रेस के लिए चुनावी जीवन-रेखा है। 2019 के आम चुनाव में केरल में कांग्रेस नेतृत्व के यूनाइटेड फ्रंट ने 20 में से 19 सीटें जीत कर वाम को ध्वस्त कर दिया था। वाम का एकमात्र सांसद चुना गया था। हालांकि तमिलनाडु में वाममोर्चे के 2 सांसद चुने गए थे। कांग्रेस के कुल 52 सांसद चुने गए थे, जिसमें केरल के 15 सांसद थे। इस बार वाममोर्चा यूं ही हथियार डालने को तैयार नहीं है, लिहाजा शब्दों और अलंकारों की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस और वाम एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की राजनीति कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को केरल में भी है।

## सादगी से दूर सियासत

पहली बार हिमाचल में सियासत ने ग्लैमर की राह पर अपना कद देखना शुरू किया है, ऐसा भी नहीं, लेकिन चुनाव की दहलीज अब कीमत मांगती है। राजनीति में सादगी या सादगी में राजनीति के तरकश में अब तीर कहां। ऐसे में पके पकाए नेताओं के घर में ग्लैमर की संभावना बढ़ गई है। सोशल मीडिया की मर्जी या बेहतर इस्तेमाल से जो नेता अपना आभामंडल बना पा रहे, उन्हें कबूल करने के तर्क बढ़ जाते हैं। मसलन मंडी संसदीय सीट में राज परिवार का ग्लैमर सिर चढक़र बोला है, तो प्रतिभा सिंह की पिछली जीत का मतलब पार्टी राजनीति से कहीं ऊपर देखा गया। इस बार परिवार के ग्लैमर में बेटा बाजी मार रहा है, तो मानना पड़ेगा कि विक्रमादित्य सिंह का इकबाल मां से भारी है। सामने फिल्मी पर्दे और हकीकत के बीच कंगना का अवतार हिमाचल की परीक्षा में उतर आया है। यकीनन प्रदेश और देश की राजनीति में इतना तो फर्क है कि चर्चाओं का मुकाबला ग्लैमर की चोंच से होने लगा है। देश में फिल्मी कलाकारों ने राजनीति को हमेशा ग्लैमर का तडक़ा दिया, लेकिन इस बार हिमाचल के परिदृश्य में बेटी और राजकुमार के बीच सामाजिक हालात और परिपक्वता का अनूठा इम्तिहान है। हिमाचल के नेताओं का आभामंडल देश की प्रवृत्ति से भिन्न है। यहां समाज का चयन परंपराओं से होकर गुजरता है और इसीलिए कंगना ने भाषा और पहरावे में पहाड़ी होने का कलात्मक प्रभाव चुना। वह मंडी संसदीय सीट की विरासत में अपने हक की सियासत में संस्कृति चस्पां कर रही है। यूं तो कई बार टोपियां उलझी हैं और धूमल बनाम वीरभद्र सिंह के दौर में हरे और लाल रंग के बीच कई दीवारें उभर आई थीं, तो मेजर विजय सिंह मनकोटिया तिरंगनी खोज लाए थे। स्व. वाईएस परमार ने सिरमौर के पारंपरिक लोइया को राजनीतिक परिधान बना दिया था, तो पहाड़ीपना कई बार क्षेत्रवाद में उलझ गया। अपनी-अपनी ड्रेस सेन्स के बदौलत वीरभद्र सिंह व शांता कुमार का ठसक अंदाज रहा है और ये नेता ग्लैमरस भी दिखाई दिए। धूमल पुत्र सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर क्रिकेट से संसद तक के ग्लैमर में ब्रांड एंबेसडर माने जाते हैं। फतेहपुर के पूर्व विधायक एवं विधायक भवानी सिंह पठानिया के पिता सुजान सिंह पठानिया अपनी मूंछों के स्टाइल और बहस में पहाड़ी बोली के कारण हमेशा सुने गए। शांता कुमार ने राष्ट्रीय भाषा हिंदी की गरिमा में संबोधन की कला को इतना परिमार्जित किया कि हिमाचल से एकमात्र यही नेता रहे, जिन्हें सुनने के लिए राष्ट्रीय मीडिया कर्मी भी इंतजार करते रहे। ग्लैमर के एकदम विपरीत साधारण और पर्वतीय संघर्ष के प्रतीक बने जयराम ठाकुर के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू का अंदाज अपनी कहानी के आकर्षित पात्र बनने में काफी हद तक सफल रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू की आल्टो गाड़ी का प्रदर्शन शिमला की राजनीति में जो मीलपत्थर खोज रहा है, उसके पीछे भावना यही है कि ग्लैमर के बिना भी राजनीति की हस्ती लाल बहादुर शास्त्री की तरह तरल व सरल हो सकती है। यह दीगर है कि हिमाचल की राजनीति नेताओं को कडक़ नहीं होने देती और न ही सरकारों को कड़वे घूंट पीने देती है। शांता कुमार की दो सरकारों की दास्तान के बाद राजनीति अब मैत्री संगोष्ठी की तरह राज्य की ऐसी तस्वीर बना चुकी है, जहां मुख्यमंत्री का ग्लैमर मंचीय या बजटीय है।

# बेसहारा गोवंश को आश्रय दे प्रदेश सरकार

**आशा है प्रदेश सरकार इन सुझावों को बिना देरी के व्यापक जनहित में लागू करने का प्रयत्न करेगी, ताकि किसानों की फसलों की रक्षा हो सके, सडक़ों पर यातायात ठीक हो सके और गौवंश को रैन-बसेरा प्राप्त हो सके**

भारतीय सभ्यता में गाय को सदैव देवी माता स्वरूप माना जाता है। भारत में गोपालन की प्राचीन काल से ही परंपरा रही है। इसलिए उस समय घी, दूध और दही की नदियां बहती थीं। ऋषियों के आश्रम जंगलों में होते थे। वहां हजारों गउएं स्वतंत्र रूप से विचरण करती और जंगलों में चरती थीं। भगवान श्रीकृष्ण जी ने द्वापर युग में खुद गऊओं की सेवा की। इसलिए उनका एक नाम श्री गोपाल आज भी संसार भर में प्रसिद्ध है। भगवान ने मानव जाति को गाय वरदान स्वरूप दी थी, लेकिन आज का स्वार्थी मानव गाय को आफत समझ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब गाय के दर्शन दुर्लभ हो जाएंगे। जब गाय नहीं होगी तो किसान नहीं होगा। जब किसान नहीं होंगे तो गांव भी नहीं होंगे। जब गांव नहीं होंगे तो देश नहीं होगा। धीरे-धीरे तेल के भंडार कम हो रहे हैं। जब तेल खत्म हो जाएगा, तब खेती के लिए बैलों की जरूरत होगी, लेकिन क्या तब तक बैल बच पाएंगे? खेद है कि 33 करोड़ देवी-देवताओं को धारण करने वाली, पंचगव्य देने वाली, सूतक-पातक से बचाने वाली गाय माता आज जूठन खा रही है, पत्थर व डंडे खा रही है। भाईयो व बहनो, जिस घर में, जिस गांव में संतान के कारण मां रोती है, वहां पर कभी कल्याण नहीं हो सकता है। गाय मां है और बैल धर्म है। गाय के पंचगव्य से अनेकों प्रकार की औषधियां बनती हैं। गऊ पूजन व गौदान का विशेष महत्त्व होता है। भैंस पूजन का महत्व नहीं है। प्रात- उठकर गाय के शरीर पर हाथ फेरो, परिक्रमा करके चरण वंदना करो तथा एक मुट्ठी घास या एक रोटी गाय को हर रोज दें, ऐसा करने से प्रभु के अवश्य दर्शन होते हैं। रोगी गाय को औषधि व सेवा करने वाला व्यक्ति रोगमुक्त हो जाता है। वर्तमान में गोबर से निर्मित वस्तुएं, यथा आभूषण, राखी, झूमर, मूर्तियां, गमले एवं नेम प्लेट सर्वाधिक चलन में हैं। अगर हम हिमाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति की बात करें तो यहां पर गौवंश की स्थिति ठीक नहीं है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस समय में लगभग 10000 से अधिक गौवंश बेसहारा चारे तथा पानी की तलाश में इधर से उधर धक्के खा रहे हैं, जो हमारे देवभूमि के लोगों के लिए बड़े ही दुःख और शर्म की बात है। पूर्व में रहे ग्रामीण पशुपालन मंत्री श्री वीरेंद्र कंवर और पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश गौसेवा आयोग की स्थापना करके इन बेसहारा गौवंश को आश्रय देने के लिए प्रदेश में कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी गऊ सैंक्चुरी और गौशालाओं की स्थापना करके बड़ा साहसिक और नेक कार्य किया है। लेखक ने सरकार के वर्तमान कृषि एवं पुशपालन मंत्री को 14.11.2023 को बेसहारा गौवंश के लिए गौसेवा आयोग द्वारा गौशालाएं व गऊ सैंक्चुरी बनाने तथा गौसेवकों की भर्ती करने बारे कुछ सुझाव एक पत्र द्वारा भेजे थे तथा उस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री तथा अन्य को भी भेजी थी। मुख्य जरूरी सुझाव ये हैं - एक, इस समय प्रदेश में जो लगभग 10000 से ज्यादा बेसहारा गौवंश हैं, इनकी सेवा के लिए गौसेवा आयोग प्रत्येक जिले के प्रत्येक विकास खंड में तीन-तीन बड़ी गौशालाएं बनाएं, ताकि इन अभागे पालतू छोड़े हुए बेसहारा गौवंश को इनका खोया हुआ रैन-बसेरा दोबारा मिले सके। दो, इन 10000 बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए गौसेवा आयोग 1000 गौसेवकों की भर्ती करे, यानी प्रत्येक 10 गौवंश पर एक गौसेवक नियुक्त हो, जिसकी तनख्वाह प्रति महीना 6000 रुपए हो तथा साथ में मुफ्त रिहायश और भोजन की व्यवस्था हो। तीन, इन गौसेवकों को आठ या दस साल बाद की सेवा के बाद प्रदेश सरकार अपने विभागों या बोर्डों में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों में नियुक्त करने का प्रबन्ध करे। चार, जितने भी लोगों ने प्रदेश में गाय या बैल पाल रखे हैं, उन सबकी रजिस्ट्रेशन होनी चाहिए यानी उन सबके गौवंश कार्ड बनाए जाने चाहिएं, जैसे आदमियों के राशन कार्ड बनाए जाते हैं। यह कार्य पशुपालन विभाग द्वारा पंचायतों के सहयोग से किया जाना चाहिए। पांच, अगर कोई पशुपालक अपने गौवंश को बेसहारा छोड़ता है तो ऐसे पशुपालक को पहली बार



15000 रुपए, दूसरी बार 20000 रुपए और तीसरी बार 25000 रुपए और एक साल की सजा भी होनी चाहिए। छह, प्रदेश सरकार राज्य में गोमूत्र आधारित कोई बड़ी आयुर्वेदिक फार्मेसी स्थापित करे ताकि गौवंश पालने वालों को आर्थिक सहायता भी मिल सके और प्रदेश की जनता को आयुर्वेदिक औषधियां भी मिल सके। सात, पशुपालकों को बढिय़ा बैल पालने पर गौसेवा आयोग द्वारा सालाना लगभग 6000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जानी चाहिए। आठ, जो शामलात भूमि सरकार के पास वनों के साथ है, वहां सरकार उस भूमि का अधिग्रहण करके या किसानों से बंजर भूमि लेकर गौशालाएं बनाए। नौ, सरकार शराब की बिक्री से अढ़ाई रुपए प्रति बोतल की सैस को बढ़ाकर 10 रुपए प्रति बोतल के हिसाब से गौ कल्याण कोष के लिए निर्धारित करे। दस, प्रदेश सरकार बड़े मंदिर ट्रस्टों की आमदन के 15 प्रतिशत हिस्से को बढ़ाकर 25 प्रतिशत गौ कल्याण कोष के लिए निर्धारित करे। ग्यारह, प्रदेश सरकार विधानसभा में कानून बनाकर गौ कल्याण कोष की बढ़ोतरी के लिए प्रत्येक विधायक तथा मंत्री से पांच-पांच हजार रुपए दान लेने की व्यवस्था शुरू करे। बारह, इसी प्रकार प्रदेश सरकार गौ कल्याण कोष के लिए प्रदेश के सारे पहली श्रेणी के अधिकारियों से 500 रुपए, दूसरी श्रेणी वालों में से 250 रुपए, तीसरी श्रेणी के कर्मचारियों से 100 रुपए तथा चतुर्थ श्रेणी वालों से 50 रुपए प्रति महीना दान लेने की व्यवस्था शुरू करे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढने़ का परिदृश्य




**यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी**

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने़ से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढने़ से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढने़ के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढक़र दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढक़र 23 प्रतिशत हो गई है।

## आज का राशिफल

मेष:- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

बृषभ:- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुन:- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

कर्क:- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंह:- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कन्या:- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुला:- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिक:- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

धनु:- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकर:- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभ:- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीन:- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ लखनऊ से प्रकाशित
बुधवार, 24 अप्रैल, 2024


## हटे पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** यूपी के सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया किआदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# बीजेपी ने राहुल की वफादारी पर उठाया सवाल

## कांग्रेस के निशाने पर स्मृति ईरानी के आवास एवं गोद लिए गांव की सड़कें



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट में शुमार अमेठी का राजनीतिक पारा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीजेपी और कांग्रेस में जुबानी जंग तेज हो गई है।बीजेपी के निशाने पर जहां गांधी परिवार है। वही कांग्रेस के निशाने पर स्मृति ईरानी है।बीजेपी की तरफ से स्मृति ईरानी जहां राहुल गांधी की वफादारी पर सवाल खड़ा कर रही है। वही कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने स्मृति ईरानी के आवास को जाने वाली सड़क एवं गोद लिए गांव की सड़क की तस्वीर शेयर कर स्मृति ईरानी पर हमला किया है।कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिए है।रविवार को दीपक सिंह ने दो तस्वीरें साझा कर स्मृति ईरानी पर हमला बोला। दीपक सिंह ने कहा कि साथियों स्मृति ईरानी जी 5 वर्ष बाद अमेठी में अपना छठवां चुनावी आशियाना तो बना लिया। लेकिन उसके सामने राहुल जी की द्वारा बनवाई सड़क पर गड्ढे नहीं भरवा पाई। गोद लिए गांव सुजानपुर का दलदल नहीं हटा पाई इस गांव के लोग अपनी गाड़ी पक्की सड़क तक नहीं ला पाते। उन्होंने आगे लिखा कि फिर भी ईरानी जी द्वारा अमेठी में सड़क बनवाने और विकास के झूठे दावे किए जा सकते हैं।उनके लिफाफे से पोषित लोग उसे बढ़ा चढ़ा कर भी बता सकते हैं।इसलिए शंका समाधान के लिए मेरे पास अमेठी की बनी अधिकांश सड़कों के रिकॉर्ड है। आगे उन्होंने लिखा कि सदन में उप्र की सरकार ने मेरे सवालों के जवाब में लिखित रूप से दिए हैं ले लीजिएगा। उन्होंने कहा की अन्य झूठों का मजबूती से जबाब दीजिएगा।गौरतलब रहे की पांचवे चरण में 20 मई को अमेठी में मतदान होगा। कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाने वाली अमेठी में अभी तक प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस बरकरार है।फिर भी कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार दावा कर रहे है की गांधी परिवार से प्रत्याशी होगा। सब की निगाहे इस बात पर टिकी है की अमेठी में गैर गांधी उम्मीदवार होगा या गांधी परिवार से ही कोई मैदान में आयेगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से विक्षिप्त अधेड़ की मौत

**मिर्ज़ापुर।** नरायनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के वाराणसी मिर्ज़ापुर मार्ग पर ग्राम सभा बरईपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 45 वर्षीय अधेड़ विक्षिप्त की मौत हो गयी। चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिंह ने बताया कि लगभग 45 वर्षीय अधेड़ का सोमवार की भोर मे किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गयी।प्रथमदृष्टया देखने पर मृतक का पहनावा देखने से लगता है कि मृतक पूर्णतया विक्षिप्त था।पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को चुनार स्थित मोर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है।मृतक ने नीला रंग का टी सर्ट तथा शरीर के नीचले भाग में कोई कपड़ा नही था।बूरी तरह कुचलने से चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है।

## अधिक मतदान लोकतंत्र को बनाता है अधिक मजबूत: प्रदीप कुमार पांडेय



**सकलडीहा, चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता स्वीप कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता करते हुए कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र का मूल आधार मतदान ही है। इसलिए जितना ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में मेडल एवं प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि के पुरस्कृत वही लोग होते हैं जो जीवन में रचनात्मक कार्य करते हैं। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार राहुल सिंह ने कहा की हमारे देश का विकास इन छात्र-छात्राओं के कंधो पर है। इसलिए लोकतंत्र के महापर्व को सफलता दिलाने में इनका अहम योगदान बनता है। वही आगे बताया कि हम सभी को मतदान की जिम्मेदारी निभानी है। उसके साथ ही अपने माता-पिता को भी मतदान के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ.श्याम लाल यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो. शमीम राइन, प्रो. विजेंद्र सिंह डॉ.दयाशंकर सिंह यादव , नायब तहसीलदार अजीत जायसवाल, डॉ. अनिल तिवारी सहित अन्य रहे।

## कबाड़ की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**मिर्ज़ापुर।** अदलहाट थाना अन्तर्गत सब्जी आढ़त मंडी नरायनपुर के पास स्थित बालाजी ट्रेडर्स कबाड़ ब्यवसाई की दुकान में भीषण आग के चलते लगभग बीस लाख का कबाड़ व लूना मोपेड,मालवाहक टेम्पो वाहन सहित जलकर राख हो गया।जिला मुख्यालय व थाना अदलहाट से दमकल के दो वाहन आग काबू करने में लगे रहे।जेसीबी के माध्यम से कबाड़ को उलट पलट कर पानी डालकर व स्थानीय लोगों के सहयोग से आग शांत किया गया। कबाड़ ब्यवसाई विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि दुकान के पीछे बगीचे के सूखे पत्तो में किसी ने आग लगा दिया था।धूआं उठने पर पीछे जाकर आग को बुझा दिया ।इस बीच दुकान के कबाड़ में भी आग जलना शुरु हो गया ।लगभग ढाई बजे कबाड़ में लगी आग बेकाबू हो गयी।सूचना देने पर साढे तीन बजे अग्नि शमन विभाग का गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग बुझाने मे जुट गयी। कबाड़ ब्यवसाई ने बताया कि आग के चलते कबाड़ में रखे प्लास्टिक के सामान, टायर,कार्टून रद्दी पेपर,पुरानी बैटरी, दुकान के काउंटर, एल्युमिनियम के सामान व तार,एक वर्ष पुरानी सीएनजी माल वाहक टेम्पो,दो चक्का वाहन लूना मोपेड आदि सामान जल कर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी में पानी समाप्त होने पर पड़ोसियों ने पाइप द्वारा पानी देकर आग बुझाने में सहयोग किया। इस बीच तमाशबीनो की भारी भीड़ जुट गयी ।हर प्रकार से लोग आग को काबू करने में लग गये। घटना की जानकारी होते ही नरायनपुर पुलिस चौकी प्रभारी जयदीप सिंह,निरीक्षक थाना अदलहाट रविन्द्र भूषण मौर्या मय टीम के साथ,नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह,क्षेत्रिय लेखपाल जैनूल आब्दीन व सुनील मौर्या आदि मौके पर पहुंच गये। नायब तहसीलदार संजय सिह ने बताया कि आग से नुकसान की सूची बनवाई जा रही है।जिला मुख्यालय को जांच रिपोर्ट भेजा जायेगा।क्षतिपूर्ति कराने का प्रयास किया जायेगा।

## अखिलेश श्रीवास्तव ने शादी के वर्षगांठ पर पूजन कर बड़ों का लिया आशीर्वाद



**मिर्ज़ापुर।** अहरौरा क्षेत्र के ग्राम सभा हुसैनपुर निवासी अर्दली उप जिलाधिकारी चुनार अखिलेश श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी सुरभि श्रीवास्तव के साथ अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर व्रत रखकर पूजन करते हुए बड़ों का आशीर्वाद लिया। श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता सनातनी है। हम सभी को अपने हर विशेष अवसरों पर यज्ञ, पूजा, अनुष्ठान आदि का कार्य करना चाहिए। जिस क्रम में मैं अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर व्रत रखकर पूजन किया हूं।इस अवसर पर सीमा श्रीवास्तव, मिथिलेश श्रीवास्तव, उषा देवी, सुरभि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। आचार्य अंशुमान मिश्रा ने पूजन कार्य संपन्न कराया।

## विजयगढ़ दुर्ग पर दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू



**सोनभद्र।** विजयगढ़ दुर्ग प्रबंधन समिति सोनभद्र की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर 22 अप्रैल सोमवार से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू हो गया है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें, जिनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ध्वज पूजन के साथ ही अखंड हरिकीर्तन शुरू हो गई, जबकि रात्रि में वृंदावन से पधारे कलाकारों के जरिए रासलीला प्रस्तुत की जाएगी।

विशाल हिंदू मेला विजयगढ़ दुर्ग के संयोजक/ गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट रवि प्रकाश चौबे ने बताया कि विजयगढ़ दुर्ग पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल सोमवार से ध्वज पूजन के साथ ही दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू हो गया है। जिसमें भरी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी श्री रामदास जी महाराज बलसाड़ गुजरात के अलावा विशिष्ट अतिथि पूज्य श्रीमणि दास जी महाराज हरियाणा, नागा मौनी बाबा, प्रयाग गिरी जी महाराज, स्वामी ध्यानानंद जी महाराज, स्वामी ऊदल दास जी महाराज राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, अजीत सिंह अमेरिका,बजरंग दल प्रांत संयोजक सत्य प्रताप सिंह,विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री अवधेश चौबे, ग्राम प्रधान बुल्लू मौर्य, छोटे सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि 23 अप्रैल मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सायं तीन बजे हवन, सायं पांच बजे श्री राम सरोवर दीपदान आरती, सायं छह बजे धर्मसभा की बैठक, रात्रि 10 बजे प्रसाद वितरण और रात्रि साढ़े दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## वर्ल्ड अर्थ डे: प्लास्टिक भगायें, पृथ्वी बचायें

### प्लास्टिक हमारे और पृथ्वी के लिए बहुत खतरनाक-हीरालाल

**लखनऊ।** आगा खाँ फाउण्डेशन, वाटर ऐड, एक्शन ऐड, सीएमएस, इरिगेशन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में आज अर्थ डे पर ष्प्लेनेट बनाम प्लास्टिकष् पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। लिनियज होटल गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएएस डॉ हीरालाल, अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना और राज कुमार प्रबन्ध निदेशक स्वच्छ भारत मिशन , राजीव यादव अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा, गीता गाँधी किंगडन प्रेसिडेन्ट सीएमएस, पदमश्री सुधा सिह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पदमध्श्री सुधा सिंह ने पानी की आवश्यकता पर बल देते हुये प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने का आवाहन किया।डॉ हीरा लाल अध्यक्ष एवं प्रशासक ने विभिन्न जिलों से आये हुये मीडिया कर्मियों से आवाहन किया कि प्लास्टिक के बारे में जागरूकता सबसे बड़ी जरूरत है। इस कार्य मे मीडिया सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना आक्सीजन लेता है उसको उतनी ऑक्सीजन वर्षभर में उसको उत्पन्न करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना पानी का प्रयोग करता है उसको उतना वर्षा का जल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का प्रयोग कर बचाना चाहिए।लोगों को बताना जरूरी हो गया है कि प्लास्टिक हमारे और हमारी पृथ्वी के लिए बहुत खतरनाक है। इस विषय में समाज में जागरूकता अत्यन्त आवश्यक है।

तभी हम पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त कर सकते हैं। गीता गाँधी किंगडन ने विश्व के परिप्रेक्ष्य में प्लास्टिक कचरा समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने इस सदर्भ में विशेष रूप से नदियों, तालाबो आदि में डाले जा कचरे को साफ करने की जरूरत बताई। ये हटा नहीं तो पर्यावरण को दूषित करता रहेगा। राजीव यादव अपर आयुक्त ने कहा, वर्तमान युग प्लास्टिक युग की भाँति हो गया है। प्लास्टिक रसायन के कारण ब्रेन, हृदय, पैरालाइसिस जैसी बीमारियों हो रही है। प्लास्टिक एक स्लो प्वाइजन है।

## प्राकृतिक खेती विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन

### प्रमाण पत्र मिलते ही चहंकी कृषि सखियां




**चंदौली।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चयनित कृषि सखियों के प्राकृतिक खेती विषयक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण करके किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर कृषि सखियां आर्थिक एवं स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बना सकती हैं। आगे बताया कि प्रशिक्षण के पांच दिवसों में कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती क्या है और क्यों इसे अपनाना जरूरी है के बारे में तथा प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, वर्मीवास, वर्मी कम्पोस्ट आदि के बारे में कृषि विशेषज्ञ डा. नरेंद्रदेव सिंह द्वारा जानकारी दी गई । वहीं प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केन्द्र कल्लीपुर का भ्रमण कराया गया जहां पर प्राकृतिक खेती से संबंधित व्यवहारिक जानकारी कृषि वैज्ञानिक डा. श्रीप्रकाश सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं का प्रश्न पत्र के माध्यम से पांच दिवसों में दी गई जानकारी पर आधारित परीक्षा लिया गया। जहां सभी उत्तीर्ण रहीं। समापन अवसर पर जिला मिशन प्रबंधक विवेक कुमार सिंह, प्रगतिशील कृषक उदयभानु सिंह, सीसीओएफ उमाशंकर गुप्ता, सत्र प्रभारी अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, सुरेश पाण्डेय, कृषि सखी अंजली कुमारी, संध्या जायसवाल, प्रियंका देवी, रिंकी देवी, शाहजहां बेगम, रेखा देवी, मनीषा देवी, विमला मौर्या, कमला देवी, संगीता कुमारी, शीला देवी, सुधा, शकुन्तला देवी, जानकी देवी, रामशिला, रीता रंजन, उर्मिला देवी, नीलम देवी, कमलावती देवी, पूनम कश्यप, प्रेमा देवी, गिरजा देवी, रेखा, रंजू देवी, मीनू देवी, मोनी यादव, कुसुम देवी, खुशबू, सुमन, संगीता देवी, गीता देवी, सुमन देवी, बिंदा देवी, अनामिका मौर्या, संजू देवी, सोनी देवी, रेखा देवी, अंजनी प्रजापति, बबिता सिंह, ऊषा देवी, चिंता देवी, सोनम कुमारी, छाया देवी, चंद्रकला देवी, नीलम देवी, रीमा देवी, रेनू देवी, पूनम कुमारी, चंदा देवी, चंदा रावत, ममता देवी, कुसुम भारती, सीमा देवी, नीलम शर्मा, विमला देवी आदि सहित जनपद चंदौली के विकास खण्ड धानापुर, चहनिया व बरहनी से चयनित 60 कृषि सखियों की उपस्थिति रही।

## पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा की दिलाई गई शपथ और पौधारोपण के लिए किया गया प्रेरित



**वाराणसी।** ईको-स्किल्ड गंगामित्र कॉर्डिनेटर धर्मेन्द्र पटेल ने सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सुसुवाही वार्ड 39 के विन्द्रावन प्राथमिक विद्यालय में बच्चों व अध्यापकों संग पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया । जिसमें बच्चों को अपने विद्यालय परिसर में पड़े प्लास्टिक,कूड़े कचरे इत्यादि अपशिष्ट पदार्थो को इकठ्ठा कर कूड़ेदान में रखने और स्वच्छता हेतु अभियान चलाया गया। बच्चों और अध्यापकों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु बच्चों संग शपथ भी ली। गंगामित्र धर्मेन्द्र पटेल ने बताया कि जहाँ हम रहते है उस जगह की साफ सफाई तो करते ही है, उसके साथ-साथ अपने विद्यालय, अपने गॉव-शहर और प्रदेश में स्वच्छता बरकरार रखना चाहिए तभी हम अपने देश को स्वच्छता में अग्रणी बना सकते है। साथ ही साथ बताया कि हम जिस नदी को माँ मानते है उसमे कदापि प्लास्टिक, मूर्ति, माला, कूड़ा, कचरा इत्यादि नहीं फेंकना चाहिए प्रोग्राम समाप्ति के दौरान विद्यालय के ही होनहार छात्र ने अपने अनुभव भी बताए जिसमे उसने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्लास्टिक व कूड़ा-कचरा कूडेदान में फेंके। प्रोग्राम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष अध्यापिका नरगीस फातमा, गंगामित्र धर्मेन्द्र पटेल और विद्यालय के होनहार बच्चे उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव: जो कभी पिलर थे, आज गायब

### अयोध्या में चुनाव और विनय कटियार और निर्मल खत्री का पता नहीं

**लखनऊ।** कभी चुनाव मैदान में कप्तान की भूमिका में रहे राजनीति के दिग्गज इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दर्शक दीर्घा में हैं। पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद निर्मल खत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू जैसे दिग्गज इस बार अयोध्या के रण से नदारद हैं। इनके समर्थक असमंजस में हैं। एक समय अयोध्या की राजनीति की धूरी रहे कटियार आजकल अज्ञातवास में हैं। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्हें देश भर में अलग पहचान मिली। राममंदिर आंदोलन के समय कटियार फायर ब्रांड नेता के तौर पर चर्चित हुए। भाजपा में राष्ट्रीय महासचिव तक का दायित्व संभाला।1991 व 1999 में वे दो बार फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने गए। पार्टी में उनके योगदान और बड़े कद को देखते हुए 2012 व 2018 में दो बार राज्यसभा में भेजा गया। 2022 के विधानसभा चुनाव तक कटियार अयोध्या की राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में रुदौली के पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाएं भी कीं। इसके बाद से राजनीति से कटते गए। इसचुनाव में भाजपा की ओर से उनकी कोई भूमिका तय नहीं। कांग्रेस के कद्दावर नेता निर्मल खत्री भी पर्दे के पीछे हैं। गठबंधन में फैजाबाद सीट सपा के हिस्से में चली गई। सपा ने यहां से अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। निर्मल पहली बार 1980 में यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद 1984 व 2009 में सांसद निर्वाचित हुए। 2012 से 2016 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से लड़ा और 1,29,917 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। 2019 के चुनाव में 53,386 मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। इस चुनाव में कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और निर्मल चुनाव मैदान से बाहर हैं। कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में शुमार जितेंद्र सिंह बबलू इस लोकसभा चुनाव में राजनीति से दूर हैं। बबलू 2007 में बसपा के टिकट पर बीकापुर से विधायक चुने गए थे। 2014 में बसपा से ही लोकसभा चुनाव लड़े और 1,41,827 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। तब कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर सिमट गई थी। 2021 में पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। यह अलग बात रही कि वर्ष 2009 में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोप में घिरे बबलू की सदस्यता बाद में निरस्त कर दी गई। 2022 में निषाद पार्टी का दामन थामा। इसके बाद से वे राजनीति के रण मे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## आयुष ग्राम मासिक पत्रिका के अध्ययन से मिलता है निरोगी जीवन का मूल मंत्र: आचार्य डा. मदन गोपाल वाजपेयी

### आयु संवर्धन, संरक्षण तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रत्येक प्रबुद्ध से आगे आने का आह्वान

**सकलडीहा, चंदौली।** भोपाल के सुप्रसिद्ध एलोपैथ चिकित्सक डा. भुवनेश्वर गर्ग का कहना है कि एलोपैथ चिकित्सालयों में चिकित्सकीय सेवा लेने वाले मरीजों को ओवर मेडिकेशन, मल्टीड्रग रेजिस्टेंट, टॉक्सिक मेडिकेशन धडल्ले से बाँटा जा रहा है। जिसके चलते मरीजों को सेहत लाभ के जगह घातक बीमारीयां मिल रही हैं। इसलिए देश के सभी लोगों को स्वयं को जागरूक होते हुए अन्य को भी जागरूक करना होगा। यह उक्त स्वास्थ्य वर्धक जानकारी आयुष ग्राम चिकित्सालय के संस्थापक आचार्य डा. मदन गोपाल वाजपेयी अपने शिष्यों के बीच जनक्रांति फैलाने हेतु व्यक्त किया। वहीं आगे कहा कि आने वाले समय में हर वर्ष करोड़ों लोगों की मौतें केवल अंग्रेजी दवाइयों से होगी। इसका कारण बताते हुए कहा कि ज्यों-ज्यों नये अस्पताल, नर्सिंग होम और चिकित्सक बढ़ रहे हैं। त्यों-त्यों देश में बीमारियाँ कम होने के बजाय सुरसा के मुख जैसे बढ़ रही है। क्योंकि ये अस्पताल चिकित्सा सेवा के जगह व्यवसाय के केन्द्र हो गये हैं। जिनका उद्देश्य दवाइयाँ ज्यादा से ज्यादा देकर मुनाफा कमाना है। उन्हे रोगी के जीवन से कोई सरोकार नहीं है। एक रुचिकर जानकारी शेयर करते हुए बताया कि आयुष ग्राम चिकित्सालय में 150 से अधिक सेवक, कार्यकर्ता स्त्री - पुरुष रहते हैं। यहाँ किसी को भी न तो ब्लडप्रेशर, थायरायड, शुगर और मोटापा की शिकायत नहीं है। सब ठीक ठाक जीवन जी रहे हैं। ऐसा ही मॉडल सब अस्पतालों पर होना चाहिए। अपना स्वयं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि मेरे द्वारा



4 से 5 घण्टा विश्राम कर करीब 15 घण्टा काम किया जाता है। लेकिन मुझे कोई ब्लडप्रेशर, मोटापा, शुगर, हार्ट रोग नही है। वहीं पिछले साल हमने खड़े-खड़े 4 - 4 घण्टे जब जप-साधना का नियम लिया था। तो उस समय थोड़ा ब्लडप्रेशर बढ़ा रहना पाया। लेकिन हमने उसे बिना दवा के ही मात्र खान-पान, थोड़ा विश्राम द्वारा संतुलित कर लिया। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के अच्छे स्वास्थ्य के राज के बारे में बताया कि बीपी, शुगर, मोटापा जैसी प्रचलित व्याधि से इसलिए दूर हैं क्योंकि आयुर्वेद व योग, साधना, जप अपनाये हुए हैं। हम सभी को इस लोक कल्याणकारी जानकारी को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने में जुटना होगा। इसके लिए अपना थोड़ा समय देना होगा प्रातः ब्रह्मवेला में जागने का नियम बनाना होगा। ईर्ष्या, क्रोध, व्यर्थ की वार्ता, तनाव, रात्रि जागरण, अब्रह्मचर्य, अनावश्यक चिंतन, अपच, उदरवायु (गैस), मिलावटी भोजन, कृत्रिम भोजन, अप्राकृतिक भोजन से दूरी बनाना होगा। नित्य योग-प्राणायाम तथा राम मंत्र का जप करना होगा और जरूरत के अनुसार आयुर्वेदिक दवा का उपयोग करना होगा। यदि एलोपैथ दवा ले रहे हैं तो एकाएक नहीं छोड़ेंगे। धीरे धीरे उसको छोड़ देंगे। तीन माह में नया स्वस्थ परिवर्तन दिखेंगे। नई पीढ़ी को नशीली वस्तुओं से दूर रखने का प्रयास करना होगा। उनके सोने का समय ठीक करना होगा। उन्हे आयुष ग्राम मासिक पत्रिका से जोड़ना होगा। क्योंकि आयुष ग्राम मासिक पत्रिका एक विचार क्रान्ति है जो मानव आयु के संवर्धन, संरक्षण तथा आध्यात्मिक उन्नति हेतु शास्त्रीय विषय का वैज्ञानिक विश्लेषण है। जिसका उद्देश्य वैदिक ज्ञान जन-जन तक पहुँचे, स्वास्थ्य का सही स्वरूप, सहज स्वरूप सभी समझें और वैदिक, भारतीय ज्ञान-विज्ञान, नियमों से जुड़े ताकि सभी आरोग्यवान रहें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश अनुसार पूरे जिले में एक साथ आयोजित हुई चुनावी पाठशाला

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय




सीतापुर - मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक निधि बंसल ने बताया कि जिला अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, जनपद सीतापुर के पत्रांक दिनांक 10 अप्रैल 2024 द्वारा समस्त बूथ/मतदेय स्थलों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन कराने निर्णय लिया गया था, जिसके अनुपालन में लो टर्न आउट (कम मतदान प्रतिशत) वाले चूर्ण/मतदेय स्थलों पर दिनांक 23 अप्रैल 2024 को प्रातः समय 09.00 बजे प्रतिभाग करते हुए चुनावी पाठशाला का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया, जिससे कि मतदाता जागरूक हों और शत-प्रतिशत मतदान करें, हेतु अधिकारी नामित किये गये, जिसमें बूथ/मतदेय स्थल नगर क्षेत्र के प्रा.वि. 11 वाहिनी पी.ए.सी. में जिला समाज कल्याण अधिकारी, नगर क्षेत्र के प्रा.वि. इस्माइलपुर में जिला प्रोबेशन अधिकारी, नगर क्षेत्र के कम्पोजिट वि. काशीराम कालोनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर क्षेत्र के हिन्दू कन्या जू.हा. स्कूल में जिला विद्यालय निरीक्षक, नगर क्षेत्र के प्रा.वि. बिजवार खुर्द में जिला आबकारी अधिकारी, नगर क्षेत्र के पूर्व मा.वि. हुसैनगंज में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, नगर क्षेत्र के प्रा.वि. प्रेमनगर में जिला मलेरिया अधिकारी, विकास खण्ड खैराबाद के प्रा.वि. अहाता कप्तान में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, विकास खण्ड खैराबाद के प्रा.वि. उमरिया में जिला क्षय रोग अधिकारी, विकास खण्ड खैराबाद के जू.हा. स्कूल रामकोट में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, विकास खण्ड खैराबाद के प्रा.वि. कनवाखेड़ा में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास खण्ड खैराबाद के प्रा.वि. मुलायमपुर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, विकास खण्ड हरगांव के प्रा.वि. सेलूमऊ में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, विकास खण्ड हरगांव के प्रा.वि. महिलाबाद में जिला युवा कल्याण अधिकारी, विकास खण्ड हरगांव के प्रा.वि. पिपरामिल में जिला उद्यान अधिकारी, विकास खण्ड हरगांव के प्रा.वि. नवीनगर में जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विकास खण्ड हरगांव के जूनियर हाई स्कूल कटेसर में जिला पूर्ति अधिकारी, विकास खण्ड महोली के प्रा.वि. इन्द्रौली में जिला गन्ना अधिकारी, विकास खण्ड महोली के प्रा.वि. उरदौली में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, विकास खण्ड महोली के प्रा.वि. पीतमपुरग्रन्ट में जिला खेल अधिकारी, विकास खण्ड ऐलिया के प्राथमिक विद्यालय इमलिया सुल्तानपुर में जिला विकास अधिकारी तथा विकास खण्ड ऐलिया के प्राथमिक विद्यालय लोधौरा में जिला ग्राम्य विकास अधिकारी को नामित किया गया, जिनके द्वारा आज विभिन्न नगर क्षेत्र/विकास खण्डों में चुनावी पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप निधि बंसल की अध्यक्षता में आज राजकीय इण्टर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा चुनावी पाठशाला के आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इन चुनावी पाठशाला में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा मतदान करने के लिए सभी को जागरूक किया गया, जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय अम्बेडकर नगर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप निधि बंसल ने चुनावी पाठशाला में प्रतिभाग करते हुये सभी को मतदान करने हेतु जागरूक किया एवं स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये गये। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने परिवारजनों एवं आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामकोट में चुनावी पाठशाला में ग्राम के मतदाताओं को मत देने के लिए प्रेरित कर शपथ दिलायी गयी। प्राथमिक विद्यालय उमरिया खैराबाद में सचिव लेखपाल जिला क्षय रोग अधिकारी, बी.एल.ओ. एवं समस्त स्टाफ की उपस्थित में चुनावी पाठशाला के अन्तर्गत गांव के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। विकास खण्ड खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय मुलायमपुर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में चुनावी पाठशाला के अन्तर्गत गांव के लोगों को मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। विकास खण्ड हरगांव में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा चुनावी पाठशाला में उपस्थित सभी जनों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय 11 वाहिनी पी.ए.सी. में सभी को मतदान करने के लिये जागरूक किया एवं शपथ भी दिलायी।

## निर्वाचन के दौरान किसी व्यक्ति को डराना, धमकाना उसे रिश्वत देना अपराध: जिला निर्वाचन अधिकारी



**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-171ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में लेनदेन करने पर वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डित होगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा-171ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है तथा उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों के विरूद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए गठित किये गये है जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने की जानकारी है, तो शिकायत प्रकोष्ठ के टोल फ्री नम्बर-1950 एवं कन्ट्रोल रूम नम्बर 05368-244188 पर सूचित कर सकते है।

# पीडीए प्रत्याशी राम भुवाल निषाद का मोस्ट कल्याण संस्थान ने किया समर्थन



**सुलतानपुर।** मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के प्रधान कार्यालय निषाद भवन, विनोवापुरी में 38-लोकसभा के पीडीए प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के साथ मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक हुई। मोस्ट संरक्षक से०नि०एडीओ भारत राम ने बाबा साहब डॉ०भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद को इस आशा व विश्वास के साथ भेंट की कि बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाएंगें ! बैठक में लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने कहा कि संस्था द्वारा जो सुझाव आये हैं उसे गंभीरता से लिया जायेगा, कोई भी काम मैं जिम्मेदारी से करता हूँ, कदम से कदम मिलाकर हम आपके साथ चलेंगें ! मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद 卐गुरुजी卐 ने लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद (पूर्व मंत्री) ने मोस्ट कार्यालय आकर मोस्ट वरिष्ठ पदाधिकारियों का समाज हित में सुझाव प्राप्त करने व उस पर अमल करने का वचन देने के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, जितेंद्र वर्मा (बाजीगर), एडवोकेट देवतादीन निषाद, मोस्ट संरक्षक डॉ० कमालुद्दीन खान, पेरियार सम्भोले वर्मा, रज्जन प्रसाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल निषाद, वकील अहमद, हाजी मोहम्मद दाऊद खान, मोस्ट प्रमुख ज़ीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला संयोजक राकेश कुमार निषाद, सह संयोजक संतोष सोनकर, मोहम्मद आरिफ, अनिल कुमार निषाद, पिन्टू निषाद, मोहम्मद आमिर, रमाकांत यादव, मोस्ट प्रमुख बल्दीराय शिव प्रसाद मौर्य, मनोराम वर्मा, सूर्य सेन यादव, जाबिर अली, आमिल सिद्दीकी, ब्लाक संयोजक कूरेभार राज बहादुर कोरी, शेर अली, ब्लाक संयोजक दूबेपुर सुहेल अहमद, मोस्ट ब्लाक प्रमुख भदैया धर्मेंद्र निषाद, मोस्ट रक्षक दल रमेश निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के व्यापारियों के साथ की गयी गोष्ठी



**अमेठी।** पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा सोमवार को व्यापारियों के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद अमेठी के व्यापारी उपस्थित रहे। मीटिंग में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरुक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए अपील की गई एवं व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण के लिए संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी मौजूद रहे।

# तालिबानी फरमान का वीडियो अंग्रेजी हुकूमत की यादें को कराई ताजा

⇨ तालिबानी सजा दिए जाने का वीडियो शोसल मीडिया पर बटोर रहा सुर्खियां
⇨ सलोन पुलिस की चारो तरफ हो रही जम कर किरकिरी



**सलोन, रायबरेली।** चोरी के आरोप में युवक को बंधक बनाकर तालिबानी सजा दिए जाने का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस भी इस पूरी घटना का मूक दर्शक बनी देखती हुई नजर आ रही है। पूरा मामला रायबरेली जिले के सलोन कोतवाली क्षेत्र के ममुनी गांव का बताया जा रहा है। तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं किस तरह से युवक को पेड़ में रस्सी से बांधकर तालिबानी सजा मुकर्रर की जा रही है, ग्रामीणों द्वारा इस तरह की सजा दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और स्थानी पुलिस पर भी जमकर लोगों द्वारा छीटाकशी की जा रही है। एक तरफ योगी सरकार अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बात कह रही है।लेकिन तस्वीरें से आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि रायबरेली पुलिस किस तरह से अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। तो ऐसे में लगातार पुलिस से लोगों का भरोसा उठता हुआ देखने को मिल रहा है क्योंकि एक तरफ ऐसी सजा लोगों द्वारा मुकर्रर की जा रही है तो दूसरी तरफ पुलिस खड़ी मूकदर्शक बनी देख रही है ऐसे में खाकी अपना कर्तव्य भूलकर ऐसे लोगों का साथ दे रही है जो ऐसे अपराध को जन्म दे रहे हैं जो सजा पहले अंग्रेजी शासन काल के पाबंद कर दिए गए हैं। अब देखने वाली बात होगी कि मीडिया में भी सुर्खियां बटोर रहा वीडियो तो पुलिस किस तरह की कार्यवाही सुनिश्चित करता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने यातायात बूथ का किया उद्घाटन



**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के पयागीपुर चौराहे पर स्थित यातायात पुलिस सहायता केन्द्र का पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।उन्होंने यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारीगणों को निर्देशित किया।उनके द्वारा यातायात नियमों का पालन करने हेतु आमजन को भी प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक,क्षेत्राधिकारी यातायाय, यातायात प्रभारी चंद्रभान वर्मा सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गर्म हवा व लू से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

⇨ लू से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को अपनाएं आम जन आपदा विशेषज्ञ

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय

सीतापुर - मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल व जून माह में अधिक तापमान रहने के साथ ही हीट व चलने की संभावना है। इसे लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों को हीट वेव से बचाव के लिए विभागवार दायित्व जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण व उपचार आदि के बारे में बताया है। जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि जनसामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लाएं और अपना बचाव करें। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल माह में अधिक तापमान रहने की संभावना है तथा हीट वेव चलने की संभावना है। ऐसे में हीटवेब (लू) से बचाव के लिए आवश्यक एहतियातें बरती जायें तथा सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाये। जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

**कब लगती है लू**

गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है।शराब की लत,हृदय रोग,पुरानी बीमारी, मोटापा,पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

**लू के लक्षण**

गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी,व्यवहार में परिवर्तन,भ्रम की स्थिति,सिरदर्द, मिचली,थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

# मारपीट के मामले में सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा




**महराजगंज ,रायबरेली।** युवक और उसकी मां के साथ मारपीट करना पड़ा महंगा कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा। सुरेश कुमार पुत्र राम सागर निवासी पुरे कुमेदान मंजरे टीसाखानपुर थाना महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि 21 /4/ 2024 की दोपहर लगभग 1:30 बजे कन्हैया लाल पुत्र अज्ञात निवासी राजा का पुरवा अमेठी चंद्रभान पुत्र राम प्रकाश निवासी पुरे कुमेदान मंजरे टीसाखानापुर सतीश पुत्र छेद्दु निवासी अज्ञात एवं एक अज्ञात द्वारा मारपीट की और दांत तोड़ दिया जिससे वह बेहोश हो गया वहीं बचाने आई मां को भी मारा पीटा कोतवाली पुलिस ने सुरेश कुमार की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# बृजेश पाठक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राजमणि वर्मा को दिलाई भाजपा की सदस्यता



**सुलतानपुर।** कादीपुर के ब्लॉक प्रमुख रहे राजमणि वर्मा ने आखिरकार अपने करियर की नई राजनीतिक पारी की शुरूआत करने के लिए सोमवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ! प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राजमणि वर्मा को पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई ! भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया ! इसके पहले बसपा में रहते हुए राजमणि वर्मा ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की थी और विगत लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करते हुए काफी प्रचार प्रसार भी किया था, लेकिन अंतोगत्वा टिकट न मिलने के कारण सांसद बनने से वंचित रह गए थे ! लेकिन उन्होंने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी और राजनीतिक कैरियर को नया आयाम देने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे ! जिसके चलते उन्होंने राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बना रखी है ! अपने राजनीतिक कैरियर में राजमणि वर्मा जहां भी रहे हमेशा बुलंदियों पर रहे अपने सौम्यवादी और मधुर व्यवहार के चलते वह हमेशा सभी के चहेते बने रहे ! उसी का परिणाम रहा की राजमणि वर्मा हमेशा अपने राजनीतिक कैरियर को बनाने में निरंतर आगे बढ़ते रहे ! वर्तमान समय में समय की नजाकत को भापते हुए उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए अपने राजनीतिक कैरियर के नई पारी की शुरुआत की है !

# योगेशचन्द्र चटर्जी की मनाई गई पुण्यतिथि

**हमीरपुर।** सुमेरपुर आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत आजादी के संघर्ष के महान सूरमा योगेशचन्द्र चटर्जी की पुण्यतिथि 22 अप्रैल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये संस्था के अध्यक्ष डॉ० भवानीदीन ने कहा कि चटर्जी सच्चे अर्थों में भारत मां के एक समर्पित पुरोधा थे, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है,योगेशचन्द्र का जन्म 1895 मे ढाका के गावदिया गाव मे हुआ था,ये प्रारंभ से ही राष्ट्रसेवी थे,चटर्जी बंगाल की अनुशीलन समिति और हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य थे, काकोरी ट्रेन डकैती मे इनका प्रभावी सहयोग रहा, इन्हें 1916 मे पकड़ लिया गया, इन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली, इन्होनें कैदियों के प्रति गोरों के अमानवीय व्यवहार को लेकर ढाई वर्षों तक भूख हड़ताल की,सबसे लम्बी भूख हड़ताल 116,या 142 दिनों की रही,इन्हें गोरों ने अमानुषिक यातनाएं दी किन्तु ये टस से मस नहीं हुये ,ये 1937 मे जेल से रिहा हुये, ये पुन: आन्दोलन रत हो गये,भारत छोड़ो आन्दोलन मे सहभागी हुये, आजाद भारत मे इन्हें काग्रेंस की ओर से राज्यसभा का सदस्य बनाया गया, आगे चलकर 22 अप्रैल 1969 को इनका निधन हो गया, इस तरह से यह कहा जा सकता है कि जीवनान्त देशप्रेमी रहे।कार्यक्रम मे प्रेम,संतोष, प्रिन्स प्रजापति, समित,विकास, आशुतोष, सज्जन, मनोज और दस्सी शामिल रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को हरा भरा बनाने के लिए बच्चों को किया गया जागरुक




**महराजगंज, रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों को बताया कि 22 अप्रैल 1970 को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की पहल संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा शुरू की गई जो आज पूरे विश्व में पृथ्वी पर शांति बनाए रखना प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के बहुत दोहन तथा पालीथीन का प्रयोग रोकने एवं पृथ्वी को हरा भरा बनाने हेतु बच्चों को जागरूक किया गया बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को महावीर जयंती पर बच्चों को बताया की जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को हुआ था इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को हुई थी 599 ईसवी पूर्व महावीर स्वामी का जन्म बिहार के लिच्छिवी वंश में महाराज सिद्धार्थ माता त्रिशला के घर हुआ था महावीर स्वामी का नाम वर्धमान था। आपने जन कल्याण तथा विश्व शांति मानवता की सेवा हेतु अहिंसा सत्य अस्तेय अपरिग्रह ब्रह्मचर्य रूपी पांच सिद्धांतों को मानव जीवन में उतरने की शिक्षा दी जो आज भी सार्थक है। इस विश्व बंधुत्व मानव कल्याण इनके आदर्शों पर चलकर कर सकते हैं इस अवसर पर पी आर ओ राजीव मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव अनिमेष मिश्रा सुरेंद्र प्रजापति आदर्श शुक्ला अभिषेक राज त्रिपाठी आलोक यादव लवलेश सिंह नीरू बाजपेई मंजू सिंह सरिता मिश्रा अमित सिंह अनुपम सिंह लक्ष्मी सिंह साधना सिंह शालिनी सिंह ज्योति जयसवाल ज्योति सिंह फातिमा रूबी सिंह जय सिंह राधा शुक्ला सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाए तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सीरीज हीरामंडी में अपने किरदार पर बोलीं

# ऋचा चड्ढा



संजय लीला भंसाली की सीरीज %हीरामंडी – द डायमंड बाजार% में ऋचा चड्ढा 'लज्जो' के किरदार में नजर आएंगी। एक इंटरव्यू के दौरान ऋचा ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार पर काम करने के लिए दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी से प्रेरणा ली थी। दरअसल, फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी ने शााहिबजान का किरदार निभाया था। ये किरदार %हीरामंडी% के किरदार लज्जो से मिलता जुलता है। मीना कुमारी को देखने की सलाह ऋचा को खुद संजय लीला भंसाली ने दी थी। ऋचा चड्ढा ने कहा– %हीरामंडी% की शूटिंग से पहले %पाकीजा% में मीना कुमारी जी के किरदार को ध्यान से देखना, सीखना और उससे सबक लेना मेरे लिए काफी मददगार साबित हुआ। दोनों किरदारों में समानता बताते हुए ऋचा ने कहा– फिल्म %पाकीजा% में मीना कुमारी के किरदार में जो दुख और गहराई है, वो मेरे किरदार लज्जो से मेल खाता है। मैंने मीना जी का काम देखकर उनकी आवाज और डिक्शन पर काम किया। कभी–कभी मुझे ऐसा लगता था जैसे मैं एक लीजेंड एक्ट्रेस के नक्शेकदम पर चल रही हूं। उन्होंने कहा कि लज्जो के किरदार से मीना कुमारी जी को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है। हीरामंडी तवायफों के जीवन को उजागर करती है पाकिस्तान के शाही मोहल्ले हीरामंडी पर आधारित इस सीरीज में प्यार, पावर और आजादी की जंग देखने को मिलेगी। यह सीरीज लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी के तवायफों के जीवन को उजागर करती है। इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली और उनके संघर्ष के बारे में दिखाया गया है। यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था। हीरामंडी के ट्रेलर में क्या दिखाया गया है सीरीज %हीरामंडी द डायमंड बाजार% के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हीरामंडी में मल्लिका जान (मनीषा कोइराला) अकेली है, जो उच्च श्रेणी की तवायफों के घर पर राज करती है। मल्लिका जान बिना किसी डर के अपना राज चलाती है, लेकिन एक दिन उसके पुराने दुश्मन की बेटी फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) के आने से तनाव का माहौल पैदा होने लगता है। शहर में भी उथल–पुथल मची हुई है, क्रांतिकारी ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी की मांग कर रहे हैं। मल्लिका जान की बेटियों में से एक बिब्बो जान (अदिति राव हैदरी) आजादी की लड़ाई में शामिल हो रही है। इस बीच मल्लिका जान की सबसे छोटी बेटी आलमजेब (शर्मिन सहगल) एक नवाब (रईस) के बेटे ताजदार (ताहा शाह बदुशा) के साथ प्यार का सपना देखती है और हीरामंडी से बाहर निकलना चाहती है। संजय लीला भंसाली की %हीरामंडी- द डायमंड बाजार% साल की मच अवेटेड वेब–सीरीज में से एक है। यह सीरीज 1940 के दशक में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरामंडी के रेड–लाइट एरिए में वेश्याओं के जीवन को उजागर करेगी। सीरीज का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली और मिताक्षरा कुमार ने किया है। इस सीरीज के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला , अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरदीन खान, संजीदा शेख और ताहा शाह बदुशा की मुख्य भूमिकाएं हैं।

## मां बनना चाहती हैं काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी



तनीषा मुखर्जी ने फिल्मों से लेकर रियलिटी शो तक काम किया है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। दरअसल, तनीषा अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव यू शंकर' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में तनीषा ने एक मां का किरदार निभाया है। 46 साल की तनीषा ने असल जिंदगी में अब तक शादी नहीं की है, लेकिन बातचीत के दौरान तनीषा ने बताया कि वो मां बनना चाहती हैं। इंटरव्यू के दौरान तनीषा ने बताया कि वो शादी और बचा दोनों ही करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अभी तक कोई ऐसा मिला नहीं है, जिसके साथ वो आगे बढ़ने के बारे में सोचें। फिल्म में मां बनने के एक्सपीरिएंस पर बात करते हुए तनीषा ने कहा– मां बनने का एक्सपीरिएंस बहुत ही प्यारा होता है। उन्होंने कहा कि मैं असल जिंदगी में अब–तक मां नहीं बन पाई हूं, लेकिन मैंने ऑनस्क्रीन मां बनने का खूब फायदा उठाया है। मैंने अपने ऑनस्क्रीन बचे के साथ खूब मस्ती की। शादी करने पर उन्होंने कहा कि अभी उसके लिए लड़का ढूंढना पड़ेगा। इसमें काफी समय लग सकता है। तनीषा मुखर्जी, काजोल और अजय देवगन एक साथ। निगेटिविटी को कैसे फिल्टर करती हैं तनीषा तनीषा ने बताया कि इस मामले में वो बहुत स्मार्ट हैं। जब कोई बिना वजह उनकी आलोचना करता है, तो वो उस पर ध्यान नहीं देती हैं। हालांकि, जब वाकई आलोचना सही बात के लिए हो रही हो, तो वो उस पर काम करने की कोशिश करती हैं। तनीषा मुखर्जी काजोल की बहन हैं। श्रेयस तलपड़े–तनीषा मुखर्जी स्टारर फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने डायरेक्ट किया है, जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनाई गई है। फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। क्या होगी फिल्म की कहानी बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित ये फिल्म एक आठ साल के लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द–गिर्द घूमती है। ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के इंट्रोडक्शन से होती है। फिल्म में उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती दिखाई गई है।

## फिल्म इंडस्ट्री के ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर बोलीं प्रियामणि कहा – कोई सर्जरी की सलाह देता तो मैं उसे चुप करा देती या फिल्म छोड़ देती



साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि ने फिल्म इंडस्ट्री में ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर बात की है। उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि करियर के शुरुआती दौर में अगर उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी जाती तो वे क्या करतीं। न्यूज18 को दिए इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, लोग मुझसे हमेशा कहते हैं कि मैं अपनी बाकी प्रतिद्वंदियों की तरह क्यों नहीं दिखती। ऐसा कहने वाले मेरे कई फैमिली मेंबर्स ही हैं जो कुछ निगेटिव वे में नहीं कहते और न ही उनका मकसद मुझे डिमोटिवेट करने का होता है। मेरा मानना है कि अगर आप अछे दिखना चाहते हैं तो दिखें, आप अपने परफेक्ट लुक के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये सबकी पर्सनल चॉइस है। मैं ऐसी इंडस्ट्री में काम करती हूं जहां हर कदम पर कंपेरिजन होना लाजिमी है। साउथ एक्ट्रेसेस साइज जीरो में यकीन नहीं करतीं-प्रियामणि प्रियामणि ने आगे कहा, आजकल की फीमेल एक्टर्स काफी फिट हैं। वो इस बात को लेकर बेहद सजग हैं कि वो क्या खा रही हैं और कैसी दिख रही हैं। लेकिन एक वक्त था जब कुछ एक्ट्रेसेस हद से यादा कॉन्शियस थीं लेकिन तब ऑडियंस ने ऐसे एक्टर्स को पसंद करना शुरू कर दिया जो स्क्रीन पर हेल्दी दिखते हैं और ऑडियंस उन्हें देखकर उनसे खुद को बेहतर तरीके से रिलेट करने लगी। साइज जीरो फिगर को लेकर चिंता खत्म हो गई। एक्ट्रेसेस के बोटॉक्स और फिलर्स करवाने की बात पर प्रियामणि ने कहा, कई एक्ट्रेसेस स्किन के डॉक्टर के पास जाती हैं ताकि वो खूबसूरत दिख सकें जिसमें कुछ गलत नहीं है। अगर कोई इंडस्ट्री में नाम कमाना चाहता है और उसे बेदाग दिखना है तो ऐसा करने में हर्ज नहीं है। मगर मैंने जब 2002 में अपना करियर शुरू किया था तो साउथ गर्ल्स किसी ब्यूटी स्टैंडर्ड को फॉलो नहीं करती थीं। मुझे किसी ने कभी सर्जरी की सलाह नहीं दी। अगर किसी ने ऐसा किया होता तो मैं उन्हें चुप करा देती या फिर फिल्म छोड़ देती क्योंकि पर्सनली मैं इन सब बातों में यकीन नहीं करती। मैदान में नजर आई हैं प्रियामणि प्रियामणि के करियर की बात करें तो हाल ही में उन्हें फिल्म मैदान में देखा गया है। इस फिल्म में प्रियामणि ने अजय देवगन की वाइफ का किरदार निभाया है। इससे पहले प्रियामणि को इसी साल फरवरी में रिलीज हुई फिल्म आर्टिकल 370 में देखा गया था। प्रियामणि को वेबसीरीज द फैमिली मैन के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने इस सीरीज में मनोज बाजपेयी की पत्नी का किरदार निभाया था।

# मुंबई के खिलाफमैच में चहल ने बनाया रिकॉर्ड, आईपीएल में 200 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने




**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले जा रहे आईपीएल 2024 के 38वें मैच में युजवेंद्र चहल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपना 200वां विकेट हासिल किया। स्टार स्पिनर ने मोहम्मद नबी को अपने पहले ही ओवर में आउट किया और यह उपलब्धि हासिल की। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2024 के 38वें मैच में युजवेंद्र चहल ने इतिहास रच दिया।

उन्होंने अपना 200वां विकेट हासिल किया। स्टार स्पिनर ने मोहम्मद नबी को अपने पहले ही ओवर में आउट किया और यह उपलब्धि हासिल की। चहल आईपीएल इतिहास में 200वां विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बन गए। पर्पल कैप की दौड़ में शामिल चहल ने जैसे ही मुंबई इंडियंस के मोहम्मद नबी का विकेट हासिल किया, ठीक वैसे ही उनके नाम यह रिकॉर्ड दर्ज हो गया। आईपीएल के इतिहास में 200वां विकेट हासिल करने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए। इसके अलावा वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। चहल के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो का नाम आता है, जिन्होंने आईपीएल में 183 विकेट हासिल किए। आईपीएल में सबसे पहले 50 विकेट आरपी सिंह ने पूरे किए थे। 100 विकेट सबसे पहले पूरे करने का रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा के नाम दर्ज हैं। इतना ही नहीं उनके नाम 150 विकेट भी पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है। आईपीएल में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज 50 विकेटरू आरपी सिंह (12 अप्रैल 2010) 100 विकेटरू लसिथ मलिंगा (18 मई 2013) 150 विकेटरू लसिथ मलिंगा (6 मई 2017) 200 विकेटरू युजवेंद्र चहल (22 अप्रैल 2024) 2013 में किया डेब्यू चहल ने आईपीएल 2013 में डेब्य किया था। अब तक वह 153 मैच खेल चुके हैं।

इनकी 152 पारियों में उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से 200 विकेट हासिल किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रद्शन 40 ओवर देकर पांच विकेट हासिल करना रहा है। वह 7.71 के इकोनॉमी रेट से रन खर्च करते हैं। राजस्थान की नौ विकेट से जीत राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराकर सीजन की सातवीं जीत हासिल की। अंक तालिका में राजस्थान की स्थिति मजबूत हो गई है। टीम पहले स्थान पर 14 अंकों के साथ बनी हुई है। वहीं, मुंबई सातवें स्थान पर है। टीम के खाते में छह अंक हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर 183 रन बनाए।

# पेशेवर स्क्वाश से संन्यास लिया, लेकिन भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे

**उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था। घोषाल का खेल हालांकि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे।**




**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु–खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चौंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''मैंने 22 साल पहले 'पीएसए विश्व टूर' पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खध्त्म नहीं होगा।'' इस 37 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''लेकिन हर चीज का एक अंत होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।'' कोलकाता में जन्में घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की उच्चतम रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में पदार्पण करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था। घोषाल का खेल हालांकि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि मैं प्रतिस्पर्धी स्क्वाश को पूरी तरह से अलविदा नहीं कह रहा हूं। मैं कुछ और समय तक भारत के लिए खेलना चाहूंगा। उम्मीद है कि मेरे अंदर संघर्ष करने की कुछ क्षमता बाकी है और मैं अपने देश के लिए कुछ और हासिल कर सकता हूं। तब तक, धन्यवाद।

# स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार, जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




**पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।**

पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरेस पुरस्कार जीता। लॉरेस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को 'स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं' की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# विश्व क्वालीफायर के लिये नये सिरे से ट्रायल करायेगा नाराज डब्ल्यूएफआई

**भारतीय कुश्ती महासंघ ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज होकर विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिये नये सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है। भारत ने बिश्केक में हुई एशियाई चौम्पियनशिप में 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल कर पाये हैं।**

**नयी दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिये नये सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है। बिश्केक में एशियाई चौम्पियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किये और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो) , पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किये जायेंगे। एक सूत्र ने कहा ,'' अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और चयन समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बेहद खराब प्रदर्शन रहा। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटे के लिये जूझना पड़ रहा है। '' उन्होंने कहा ,'' यह तय किया गया है कि डब्ल्यूएफआई सभी 14 वर्गों में ट्रायल का आयोजन करेगा।''

मजदूर एकता जिन्दाबाद ! भारतीय जनता – जिन्दाबाद !! जय जवान, जय किसान !!!

RTVP राष्ट्रीय तीसरा विकल्प पार्टी

(गरीबों, मजदूरों, किसानों, शोषितों के लिए गठित दल)

राष्ट्रीय मुख्यालय : न्यू गड़ौरा, बेहसा, शहीदपथ, कानपुर रोड, लखनऊ



मा. सुरेन्द्र शर्मा ''संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष'' | श्री हिमांशू त्रिपाठी ''राष्ट्रीय उपाध्यक्ष'' (एडवोकेट) | श्री भरत व्यास गौतम ''राष्ट्रीय महासचिव'' | श्री रजनीश कुमार ''राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष''

भारतीय मजदूर किसान संगठन (राष्ट्रवादी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव–गांव जाकर अपनी जनता का हाल देखा और जाना कि कैसे अन्य पुराने राजनैतिक दलों ने 75 वर्षो से लोगों का शोषण किया है? आज गरीब मजदूर किसान नर्कीय जीवन जीने को मजबूर है। मोदी सरकार ने लोगों को आवास व शौचालय दिये परन्तु अनियंत्रित अधिकारियों ने प्रधानों ने जमकर लूट करी, जिससे सुविधायें उचित जगह तक नहीं पहुँच पायीं। उदासीन सरकार के कारण जनता त्रस्त है व त्राहि–त्राहि कर रही है। गरीबों, मजदूरों, किसानों, छात्रों व महिलाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय तीसरा विकल्प अति आवश्यक होगा।

## SPORTS न्यूज़

### बेखौफहोकर टीम के लिये खेलना ही मूलमंत्र: साई किशोर

पंजाब किंग्स के खिलाफचार विकेट लेकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार बने स्पिनर आर साई किशोर ने कहा कि वह बस निर्भीक होकर टीम के लिये खेल रहे थे। पंजाब को 142 रन पर आउट करने के बाद गुजरात टाइटंस ने पांच गेंद बाकी रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। साई किशोर ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट लिये। प्लेयर आफद मैच साई किशोर ने कहा ,'' मैं टीम के लिये 120 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहा था। बेखौफहोकर टीम के लिये खेलना चाहता था, नतीजा चाहे जो हो।'' उन्होंने कहा ,'' इस विकेट पर रफ्तार में बदलाव अहम था। राशिदऔर नूर अहमद ने भी उम्दा गेंदबाजी की।'' वहीं गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने कहा ,'' हमें जल्दी मैच खत्म करना चाहिये था लेकिन दो अंक लेने की खुशी है।'' कप्तानी के दबाव के बारे में उन्होंने कहा ,'' मैं बल्लेबाजी के समय सिर्फएक बल्लेबाज के तौर पर खेलता हूं, कप्तानी के बारे में नहीं सोचता।

### वापसी पर खिलाड़ियों से मिल रहे समर्थन से सहज महसूस कर रहे हैं मोहम्मद आमिर

**रावलपिंडी ।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं। आमिर ने 2020 के अंत में सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह पूर्व कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस के रवैये से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने मौजूदा बोर्ड के अधिकारियों और प्रबंधन के जोर देने पर राष्ट्रीय टीम में फिर से वापसी की है। शनिवार की रात न्यूजीलैंड पर जीत के दौरान आमिर ने दो विकेट चटकाये। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने संन्यास लिया था, उसकी तुलना में वह अब ज्यादा फिट और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं खुश हूं कि जिस तरह से खिलाड़ियों ने वापसी में मेरा समर्थन किया है क्योंकि मेरे ऊपर काफी दबाव था। '' शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान की बड़ी जीत के बाद उन्होंने कहा, ''जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते तो आप उस अहसास को बयां नहीं कर सकते। निश्चित रूप से दबाव था क्योंकि मैं चार साल के बाद वापसी कर रहा था। लेकिन श्रेय खिलाड़ियों, शाहीन और बाबर को जाता है जिन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

### 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन'

**बेंगलुरु ।** 'नंदिनी' ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' (केएमएफ) 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा। हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है। केएमएफके प्रबंध निदेशक एम के जगदीश ने रविवार को पीटीआई से कहा, ''हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं। वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे। '' उन्होंने कहा कि यह कदम 'नंदिनी' को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लिया गया है। सूचना प्रोद्योगिकी उद्योग के अनुभवी और इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी टी वी मोहनदास पाई ने इस कदम की आलोचना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''कितना शर्मनाक है। वे कर्नाटक के किसानों का पैसा विदेशी टीम के प्रायोजन पर क्यों लगा रहे हैं। इससे क्या मिलेगा? गरीब किसानों को अच्छा भुगतान करो। यह कर्नाटक के सहकारी संघ की बर्बादी है। '' इस पर जगदीश ने कहा, ''हमारा 85 प्रतिशत राजस्व किसानों को ही जाता है। हम अपने उत्पाद के प्रचार के लिए क्रिकेट टीम का प्रायोजन कर रहे हैं। हमें वैश्विक होने की जरूरत है।

### धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट, डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था। आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा ,'' मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।'' इसने कहा ,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

### हैदराबाद के खिलाफदिल्ली ने जीता टॉस, यहां देखें दोनों की प्लेइंग इलेवन

आईपीएल 2024 के 35वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टक्कर हो रही है। ये मैच क्ब् के होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में खेला जा रहा है। जहां, दिल्ली ने टॉस जीतकर हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इसके साथ ही दिल्ली ने दो बदलाव किए हैं। सुमित की जगह ललित आए हैं, जबकि ईशांत शर्मा चोटिल हो गए हैं। उनके स्थान पर एनरिक नार्खिया को शामिल किया गया है। जहां हैदराबाद की टीम अंक तालिका में 6 में से 4 मैच में 8 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि ऋषभ पंत की टीम दिल्ली ने 7 में से तीन मैच ही जीते हैं और वो अंक तालिका में छठे पायदान पर है। दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन दिल्ली कैपिटल्सरू दिल्ली कैपिटल्स– डेविड वॉर्नर, जैक फ्रेजर, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध्कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, कुलदीव यादव, एनरिक नॉर्खिया, मुकेश कुमार, खलील अहमद। सनराइजर्स हैदराबाद– ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, अब्दुल समद, नीतीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मार्कंडेय, टी नटराजन।

### लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी: तेंदुलकर

**रांची।** चौम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा ,'' बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया।'' उन्होंने कहा ,'' मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लायेंगे।

### एक बार फिर गौतम गंभीर ने वीवदप से उलट बात कही, माही के फैंस को नहीं लगेगी अच्छी

गौतम गंभीर अक्सर अपने कड़क जवाबों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर वो चर्चा में आ गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।